>

Title: Need to provide railway stoppage of Indore-Gwalior Intercity and Indore-Kota Intercity at Sarangpur, Pachore and Chachoda in Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): माननीय सभापति महोदय, मुझे यहां से बोलने की अनुमति दी जाए। वर्तमान में रेलवे विभाग विश्व का सबसे बड़ा परिवहन का साधन है और जहां रेल सुविधा होती है, वहां यात्री प्राथमिकता से रेल में ही यात्रा करना पसंद करता है। क्योंकि किसी भी अन्य परिवहन साधन के मुकाबले रेल की यात्रा सस्ती तथा आरामदायक रहती है। परंतु रेलवे विभाग रेल की गति व समय सीमा का हवाला देते हुए आवश्यक स्टापेज भी नहीं कर पाता है। जिससे यात्रियों को रेल यात्रा करने में किसी अन्य शहर या नगर के रेलवे स्टेशनों पर जाना पड़ता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाली दो ट्रेनें हैं 2125 एवं 2126 इंदौर-ग्वालियर इंटरसिटी एवं 11701-11702 कोटा-इंदौर इंटरसिटी जिनका स्टापेज वर्तमान में मेरे क्षेत्र में मात्र एक ही स्थान ब्यावरा रेलवे स्टेशन पर है। उक्त दोनों ट्रेनों का स्टापेज सारंगपुर, पचोर एवं चाचौड़ा स्टेशनों पर किया जाना जनसुविधा को देखते हुए अत्यंत आवश्यक है। इंदौर-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रैस जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक -3 के समानान्तर दो प्रमुख व्यावसायिक महानगरों इंदौर और ग्वालियर के बीच चलती है। दूसरी ट्रेन जो कि कोटा-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रैस है, यह भी एक व्यावसायिक महानगर इंदौर और एक शैक्षणिक नगरी कोटा (राजस्थान) को जोड़ती है। इन शहरों के मध्य मेरे संसदीय क्षेत्र से सैकड़ों व्यापारी, छात्र-छात्राएं इलाज हेतु विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीज एंव आम नागरिक बहुतायत में प्रतिदिन आते-जाते रहते हैं।

उक्त दोनों ट्रेनों के मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ के अंतर्गत सारंगपुर, पचोर व चाचौड़ा स्टेशनों पर स्टापेज कर दिये जाने से यात्रियों को रेल सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही रेल की आय में भी वृद्धि होगी तथा इससे विभाग को स्टापेज करने के नियम व रेल की गति तथा समय आदि में भी कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेग्य, यही मेरा अनुरोध है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, I request you all to approach the Speaker and get approval. That would be better. You are all waiting and that is why I am giving a chance to you. But it is embarrassing for me to give a chance like this daily to some Members because they want to speak everyday. From tomorrow onwards, I request you to approach the Speaker in advance and get permission.